भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1591
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

बिहार में टेलीकॉम टावर

1591. श्री अरुण भारतीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान बिहार के जिलों विशेषकर जमुई, शेखपुरा और मुंगेर के जिन गावों में टेलीकॉम टावर लगाए गए है उन की संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान एवं अगले वर्ष में सरकार कितने टेलीकॉम टावर लगाने की योजना बना रही है; और

(ग) सरकार द्वारा जमुई संसदीय क्षेत्र के गांवों और सुदुर क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे अन्य कदम क्या हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार में दूरसंचार टावर संस्थापित किए गए गांवों की संख्या का जिलेवार विवरण अनुबंध-। में संलग्न है।

(ख) और (ग) सरकार देश के सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज प्रदान करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से वित्तपोषण के माध्यम से विभिन्न स्कीम क्रियान्वित कर रही है। वर्तमान और अगले वर्ष में बिहार में यूएसओएफ स्कीम अंतर्गत नियोजित टेलीकॉम टावर की संख्या का विवरण अनुबंध-।। में संलग्न है।

अनुबंध-।

माननीय संसद सदस्य द्वारा "बिहार में टेलीकॉम टावर" के संबंध में दिनांक 31 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1591 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्र.सं.	जिला	पिछले पांच वर्ष अर्थात दिनांक 01/04/2019 से 31/03/2024 के दौरान बिहार में टेलीकॉम टावर संस्थापित किए गए गांवों की संख्या
1	अररिया	408
2	अरवल	118
3	औरंगाबाद	432
4	बांका	357
5	बेगुसराय	365
6	भागलपुर	382
7	भोजपुर	388
8	बक्सर	304
9	दरभंगा	572
10	गया	667
11	गोपालगंज	386
12	जमुई	325
13	जेहनाबाद	201
14	कैमूर	228
15	कटिहार	447
16	खगडिया	220
17	किशनगंज	293
18	लाखीसराय	152
19	मधेपुरा	297
20	मधुबनी	617
21	मुंगेर	211
22	मुजफ्फरपुर	688
23	नालंदा	454
24	नवादा	323
25	पश्चिम चंपारण	766
26	पटना	671
27	पूर्व चंपारण	1098

28	पूर्णिया	524
29	रोहतास	472
30	सहरसा	243
31	समस्तीपुर	604
32	सारण	519
33	शेखपुरा	117
34	शिवहर	91
35	सीतामढी	418
36	सिवान	426
37	सुपौल	324
38	वैशाली	449
	कुल	**15557**

.

अनुबंध-II

माननीय संसद सदस्य द्वारा "बिहार में टेलीकॉम टावर" के संबंध में दिनांक 31 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1591 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

वर्तमान और अगले वर्ष में बिहार में यूएसओएफ स्कीम अंतर्गत नियोजित टेलीकॉम टावर की संख्या का विवरण

राज्य का नाम	नए स्थानों पर नियोजित 4जी टावर
बिहार	99 (जमुई जिले में 10 साइटें और मूंगेर जिले में 2 साइटें है)

इसके अलावा बिहार में 4जी सेवाऐं प्रदान करने के लिए पहले ही प्रचालित 250 2जी साइटों का उन्नयन किया जाना है जिनमें जमुई जिले की 59 साइटें भी शामिल हैं।